24 न्यूज अपडेट
ई-न्यूज
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, गुरूवार 30 अप्रैल 2026
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 3 अंक 26


# सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणीः रेप पीड़िताओं के गर्भपात पर समय-सीमा बदलें

## केंद्र से कानून में संशोधन की सलाह, 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी में अबॉर्शन पर सुनवाई से इनकार



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने रेप पीड़िताओं के गर्भपात से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए केंद्र सरकार से कानून में बदलाव करने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में अबॉर्शन के लिए तय समय-सीमा (24 सप्ताह) को लेकर पुनर्विचार जरूरी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने 15 साल की नाबालिग की 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी में गर्भपात की अनुमति के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कानून समय के साथ बदलना चाहिए और किसी नाबालिग को जबरन मां बनने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

### AIIMS की दलील पर कोर्ट सख्त

AIIMS दिल्ली ने दलील दी थी कि 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी में गर्भपात जोखिम भरा है और इससे नाबालिग की भविष्य में मां बनने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। इस पर कोर्ट ने कहा कि ध्यान केवल भ्रूण पर नहीं, बल्कि उस पीड़िता पर होना चाहिए जिसने गंभीर मानसिक और शारीरिक आघात झेला है।

### 'निर्णय पीड़िता का होना चाहिए'

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में निर्णय पीड़िता के हित और इच्छा के अनुसार होना चाहिए। यदि अदालतें जबरन गर्भ जारी रखने को कहेंगी, तो महिलाएं अवैध और असुरक्षित तरीकों का सहारा ले सकती हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य को गंभीर खतरा हो सकता है।

### पहले भी दिए अहम फैसले

शीर्ष अदालत पहले भी कई मामलों में समय-सीमा से आगे जाकर गर्भपात की अनुमति दे चुकी है, खासकर तब जब गर्भ अनचाहा हो या पीड़िता नाबालिग हो। फिलहाल कोर्ट ने केंद्र सरकार को संकेत दिया है कि मौजूदा मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट में बदलाव कर ऐसे संवेदनशील मामलों के लिए अधिक लचीला प्रावधान किया जाना चाहिए।

# एमपी में बरगी डैम में क्रूज नाव डूबी, 4 की मौत, कई लापता



24 न्यूज अपडेट

जबलपुर। मध्यप्रदेश के बरगी डैम में गुरुवार शाम बड़ा हादसा हो गया, जब पर्यटकों से भरी एक क्रूज नाव अचानक पलटकर डूब गई। हादसे में अब तक 4 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि कई पर्यटक लापता हैं। राहत की बात यह है कि करीब 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार क्रूज में 30 से 40 के बीच पर्यटक सवार थे। हादसा अचानक मौसम बिगड़ने और तेज हवा के चलते संतुलन बिगड़ने से हुआ बताया जा रहा है, वहीं कुछ रिपोर्ट्स में ओवरलोडिंग भी कारण मानी जा रही है।

### अचानक मची अफरा-तफरी

हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। कई यात्री पानी में गिर गए और जान बचाने के लिए तैरते नजर आए। स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और प्रशासन को सूचना दी।

### रेस्क्यू ऑपरेशन तेज

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस, प्रशासन और आपदा राहत दल मौके पर पहुंच गए। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमों के साथ गोताखोरों को भी लगाया गया है। लापता लोगों की तलाश के लिए लगातार सर्च ऑपरेशन चल रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, कई यात्रियों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि बाकी की तलाश जारी है।

### सुरक्षा पर उठे सवाल

हादसे के बाद पर्यटन क्रूज संचालन की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो गए हैं। शुरुआती जांच में ओवरलोडिंग और पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम न होने की आशंका जताई जा रही है।प्रशासन ने पूरे मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। हादसे के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए तकनीकी और प्रशासनिक स्तर पर जांच की जा रही है। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# नशे के कारोबार में फंसा पुलिसकर्मी बर्खास्त

## स्मैक तस्करी में गिरफ्तारी के बाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, सेवा से किया निष्कासित

24 न्यूज अपडेट

जयपुर 30 अप्रैल। प्रतापगढ़ पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी में लिप्त पाए गए एक पुलिसकर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उसे राज्य सेवा से बर्खास्त कर दिया है। विभाग ने स्पष्ट संदेश दिया है कि कानून तोड़ने वाले चाहे विभाग के भीतर हों या बाहर उनके विरुद्ध इसी प्रकार की कठोरतम वैधानिक और प्रशासनिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

जानकारी के अनुसार दिनांक 24 अप्रैल 2026 को थाना पिण्डवाड़ा जिला सिरोही में दर्ज प्रकरण संख्या 153/2026 में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 244 ग्राम अवैध स्मैक के परिवहन के आरोप में प्रतापगढ़ जिले में पदस्थापित कांस्टेबल विनोद सिंह (नं. 38) को गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मामला दर्ज किया गया।

प्रारंभिक जांच और विभागीय परीक्षण में यह सामने आया कि कांस्टेबल विनोद सिंह, जो स्वयं कानून और नियमों की जानकारी रखता था, मादक पदार्थ तस्करी जैसे गंभीर अपराध में संलिप्त पाया गया। विभाग ने इसे सेवा आचरण नियमों का गंभीर उल्लंघन और नैतिक अधमता का कृत्य माना।

मामले की गंभीरता को देखते हुए राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 19(2) के तहत आज 30 अप्रैल 2026 को कांस्टेबल विनोद सिंह को राज्य सेवा से बर्खास्त कर दिया गया।




# एसओजी की बड़ी कार्रवाईः फर्जी मार्कशीट से बना लेक्चरर गिरफ्तार, 5 दिन के रिमांड पर भेजा, बैक डेट में तैयार किए दस्तावेज



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए नौकरी हासिल करने वाले एक स्कूल लेक्चरर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को गुरुवार सुबह कोर्ट में पेश कर 5 दिन के रिमांड पर लिया गया है। एडीजी (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अशोक कुमार यादव (33), निवासी कालाडेरा-चौमूं, वर्तमान में शहीद गजराज सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दिवराला, श्रीमाधोपुर (सीकर) में कृषि विषय के व्याख्याता पद पर कार्यरत था। उसे बुधवार रात गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्राध्यापक/व्याख्याता (कृषि विज्ञान) प्रतियोगी परीक्षा-2022 में आरोपी ने फर्जी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन किया था। जबकि निर्धारित पात्रता पूरी नहीं होने के बावजूद उसने खुद को योग्य दर्शाते हुए चयन प्राप्त कर लिया। एसओजी को इस भर्ती में फर्जीवाड़े की शिकायत मिलने पर मार्च 2026 में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी ने ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के कुछ अधिकारियों से मिलीभगत कर बीएड (2020-22) और एमएससी एग्रीकल्चर (एग्रोनॉमी) 2018-20 की फर्जी मार्कशीट बैक डेट में तैयार करवाई और आवेदन में प्रस्तुत की। फिलहाल एसओजी आरोपी से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इस फर्जीवाड़े में और कौन-कौन शामिल हैं। जांच एजेंसी भर्ती प्रक्रिया से जुड़े अन्य संभावित मामलों की भी पड़ताल कर रही है।

# जनसुनवाई में हंगामा, भाजपा विधायक से मारपीट का आरोप, तीन अधिकारी गिरफ्तार, दोनों पक्षों के अलग-अलग दावे



24 न्यूज अपडेट

श्रीगंगानगर। शहर में गुरुवार को जनसुनवाई के दौरान हंगामे का मामला सामने आया, जहां भाजपा विधायक जयदीप बिहाणी ने RUIDP अधिकारियों पर मारपीट का आरोप लगाया। विधायक का कहना है कि सहायक अभियंता (AEN) जगनलाल बैरवा समेत तीन अधिकारियों ने उन पर हमला कर दिया, जिससे उनकी आंख और चेहरे पर चोट आई तथा चश्मा टूट गया। विधायक की शिकायत पर जवाहर नगर थाना पुलिस ने जगनलाल बैरवा, शहनवाज और सोएम को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। घटना एसडी बिहाणी कॉलेज स्थित विधायक सेवा केंद्र में सुबह करीब 11 बजे हुई। विधायक के अनुसार शहर में जलापूर्ति बाधित होने के मुद्दे पर बैठक के दौरान अधिकारियों से जवाब मांगने पर विवाद बढ़ा और उन पर हमला किया गया। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि पहले अधिकारियों के साथ मारपीट हुई और उनकी शर्ट तक फट गई। मामले को लेकर सियासत भी गरमा गई है। अशोक गहलोत और टीकाराम जूली ने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

# सोना 2,290 बढ़कर 1.50 लाख पर पहुंचाःइस साल 17 हजार महंगा हो चुका, चांदी आज 4031 बढ़कर 2.40 लाख पर पहुंची



24 न्यूज अपडेट

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 30 अप्रैल को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,290 रुपए बढ़कर 1.50 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले इसकी कीमत 1.48 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

वहीं, एक किलो चांदी 4,031 रुपए बढ़कर 2.40 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले 29 अप्रैल को इसकी कीमत 2.36 लाख रुपए प्रति किलो थी।

# सेंसेक्स 583 अंक गिरकर 76,913 पर बंदःनिफ्टी भी 180 अंक नीचे 23,998 पर आया; मेटल और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा बिकवाली




24 न्यूज अपडेट

सेंसेक्स में आज यानी गुरुवार, 30 अप्रैल को 583 अंक (0.75%) की गिरावट रही। ये 76,913 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 180 अंकों (0.74%) की गिरावट रही, ये 23,998 के स्तर पर आ गया है। आज के कारोबार में आईटी में सबसे ज्यादा खरीदारी रही, जबकि मेटल और सरकारी बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली।

जियोपॉलिटिकल तनाव और जंग जैसी स्थिति में महंगाई बढ़ने का खतरा रहता है। इससे कंपनियों का मुनाफा कम हो सकता है। ऐसे में निवेशक अपने शेयर बेचना शुरू कर देते हैं और सुरक्षित जगह निवेश करते हैं। इससे बाजार में गिरावट आती है।

# अडाणी एंटरप्राइजेज को चौथी तिमाही 221 करोड़ का घाटाःसालाना रेवेन्यू 20% बढ़ा; कंपनी हर शेयर पर 1.30 डिविडेंड देगी



24 न्यूज अपडेट

अडाणी एंटरप्राइजेज ने 30 अप्रैल को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए। इस तिमाही में कंपनी को 221 करोड़ का नेट लॉस हुआ है। पिछले साल की इसी तिमाही में कंपनी को 3,845 करोड़ का नेट प्रॉफिट हुआ था।

हालांकि, कंपनी का रेवेन्यू 20% बढ़ा है और यह 32,439 करोड़ पर पहुंच गया है जो पिछले साल की तिमाही में 26,965 करोड़ था। नतीजों के साथ ही अडाणी एंटरप्राइजेज के बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1.30 प्रति शेयर के डिविडेंड की सिफारिश की है।

समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -
desk24newsupdate@gmail.com
wathsapp : 8852073787

## संपादकीय : आतंक की जड़

पंजाब में पिछले कुछ समय से आतंकी गतिविधियां अप्रत्याशित रूप से बढ़ रही हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। साफ है कि उग्रवाद का दंश झेल चुके इस राज्य में खालिस्तान समर्थक आतंकी तंत्र फिर से सांस लेने लगा है। अलग- अलग समूहों के जरिए सक्रिय आतंकी अपने नापाक मंसूबों को अंजाम देने के लिए मौके की तलाश में रहते हैं। इनके ठिकानों का पता लगाना और इनकी धर-पकड़ सुरक्षा एजेंसियों के लिए बड़ी चुनौती है। पटियाला में शंभू इलाके के पास सोमवार देर रात एक मालगाड़ी के गलियारे की पटरी पर विस्फोट की घटना से स्पष्ट है कि राज्य में आतंक का खतरा बढ़ रहा है। हालांकि पुलिस ने इस आतंकी समूह से जुड़े चार संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अगर समय रहते स्थिति को नहीं संभाला गया, तो राज्य में हालात फिर से बिगड़ सकते हैं। सुरक्षा एजेंसियों का दावा है कि पंजाब में सीमा पार से आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, लेकिन सवाल है कि आतंकी तंत्र को कैसे खत्म किया जाए। गौरतलब है कि पटियाला में शंभू इलाके के पास आतंकियों ने रेल की पटरी को निशाना बनाकर विस्फोट किया था। घटनास्थल से एक संदिग्ध व्यक्ति का शव भी बरामद किया गया और पुलिस का दावा है कि वह उसी आतंकी गिरोह का सदस्य था, जिसने इस वारदात की साजिश रची थी। पटरी पर विस्फोटक लगाने के दौरान हुए धमाके में उसकी मौत हो गई। पिछले तीन माह में मालगाड़ी के गलियारे को निशाना बनाकर किया गया यह दूसरा हमला था। इससे पहले फतेहगढ़ साहिब जिले के सरहिंद में 23 जनवरी को विस्फोट हुआ था जिसमें एक ट्रेन का इंजन क्षतिग्रस्त हो गया था और एक रेलवे अधिकारी को चोटें आई थीं। पंजाब में आतंकी तंत्र के फैलते दायरे का अंदाजा इससे लगाया जा सकता कि पिछले वर्ष जुलाई में सुरक्षा एजेंसियों ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल के तीन आतंकियों ने को गिरफ्तार किया था। इसके करीब तीन माह बाद ग्रेनेड हमले की साजिश रच रहे दस संदिग्धों की धर-पकड़ की गई थी। हाल में मोहाली की एक अदालत और कुछ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियां दी गई थीं। यह सच है कि पंजाब में पिछले कुछ समय में सुरक्षा में एजेंसियों ने कई आतंकी गिरोहों का भंडाफोड़ किया है और जांच में सामने आया है कि उन्हें सीमा पार से तस्करी के जरिए हथियार और विस्फोटक पदार्थ मुहैया कराए जाते रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, पटियाला के शंभू इलाके में हुए विस्फोट में जिस आतंकी की मौत हुई, वह उस खालिस्तान समर्थक आतंकी तंत्र का हिस्सा था जिसे मलेशिया से संचालित किया जा रहा था। राज्य के एक राजनीतिक दल से उसके संबंधों की खबरें भी आई हैं, हालांकि आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि अभी नहीं की गई है। इस गिरोह के सदस्य कट्टरपंथी युवाओं को आतंकी प्रशिक्षण के लिए मलेशिया भेजते थे। यही नहीं, राज्य में सक्रिय कुछ आतंकियों के तार पाकिस्तान और कनाडा से भी जुड़े हैं। इससे स्पष्ट है कि उग्रवाद के खात्मे के बाद शांति और समृद्धि की राह पर लौटे पंजाब में आतंक का खतरा फिर से बढ़ता जा रहा है। राज्य में विपक्षी दलों की ओर से भी बार-बार यह मसला उठाया जाता रहा है। ऐसे में केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर इस खतरे से निपटने के लिए रणनीति बनानी होगी, ताकि आतंक की जड़ पर प्रहार किया जा सके।

## संकट के संकेत

पिछले वर्ष विनिर्माण क्षेत्र में अच्छे प्रदर्शन से औद्योगिक उत्पादन की जो लुभावनी तस्वीर दिखाई दे रही थी, वह इस साल पश्चिम एशिया में उपजे संकट की वजह से फीकी पड़ गई है। सरकार की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया गया कि औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मार्च में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4. 1 फीसद पर आ गई। इसका कारण विनिर्माण क्षेत्र में कमजोर प्रदर्शन को माना जा रहा है, जिसके पीछे अमेरिका- इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष से उपजे हालात भी एक बड़ी वजह है। होर्मुज जलमार्ग के बंद होने से जहां तेल और गैस आपूर्ति की वैश्विक श्रृंखला बाधित हुई है, वहीं देश का निर्यात भी प्रभावित हुआ है, जिसका सीधा असर औद्योगिक उत्पादन पर पड़ा है। गौरतलब है कि समग्र औद्योगिक उत्पादन में विनिर्माण क्षेत्र की बड़ी हिस्सेदारी है और इसमें गिरावट देश के आर्थिक विकास की रफ्तार के लिए चिंताजनक है। अगर पश्चिम एशिया में हालात सामान्य होने में ज्यादा समय लगा, तो स्थिति और ज्यादा बिगड़ सकती है। आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में बिजली उत्पादन लगभग स्थिर रहा, इसमें वृद्धि दर महज 0.8 फीसद रही, जो पिछले वर्ष के मुकाबले काफी कम है। जाहिर है कि इससे भी समग्र औद्योगिक वृद्धि दर पर दबाव बढ़ा है। देश में एक ओर बढ़ती महंगाई की चुनौतियां हैं, तो दूसरी ओर वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट और अनिश्चितता के माहौल का असर औद्योगिक उत्पादन पर पड़ रहा है। यह स्वाभाविक है कि अगर देश में उत्पादन घटेगा, तो विकास की रफ्तार कमजोर पड़ती जाएगी। इससे पहले अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए शुल्क की वजह से औद्योगिक क्षेत्र प्रभावित हुआ था। पश्चिम एशिया में संघर्ष से पैदा हुआ संकट कब तक हल हो पाएगा, इस संबंध में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता, इसलिए इसका असर दूरगामी न हो और देश में विकास की गति धीमी न पड़े, इसके लिए सरकार को वैकल्पिक उपायों पर ध्यान केंद्रित कर नए रास्ते तलाशने होंगे। अगर समय रहते इस पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में जो हालात पैदा होंगे, उनसे निपटना आसान नहीं होगा।

# होटल की अवैध सड़क बचाने यूडीए अफसर मैदान में, जानकारी मांगी तो कहा, होटल से सहमति लेकर आओ! मिलीभगत और चाटुकारिता की नयाब मिसाल




**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। लेकसिटी में प्रशासनिक मिलीभगत से हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। जनता की आवाज यूं तो बरसों से दब रही है मगर अब चोरी और सीनाजोरी का खेल खुद यूडीए के अफसर खेलने लग गए हैं। बेशर्मी इस हद तक कि एक होटल के बाहर की सड़क की जानकारी मांगने पर कह रहे हैं कि होटल से अनुमति लेकर आओ। इतनी ढिठाई, इतनी मिलीभगत और इस हद का भ्रष्टाचार पहले कभी नहीं देखा गया, ये भ्रष्टाचार, मिलीभगत के नए कीर्तिमान हैं।

जब उदयपुर में प्रशासनिक मिलीभगत का इतिहास लिखा जाएगा तो सूचनाओं पर कुंडली मार कर अट्टहास कर रहे अफसरों व कार्मिकों का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। नदी में सड़क बना दी जो खुद चीख चीख कर अपने अवैध होने की गवाही दे रह है मगर रसूख के आगे पूरी की पूरी प्रशासनिक मशीनरी सिर झुकाए गुलाम बनकर जी हुजूरी कर रही है। सड़क की सूचना पर खुद चौकीदार बनकर पहरा दे रही है, मानों किसी धन्ना सेठ के आदेश हों कि सूचना लीक हो गई तो तुम्हारी भी धरती खिसक जाएगी, जो लाभ परिलाभ मिल रहे हैं उसमें सेंध लग जाएगी। और नेताओं व जन प्रतिनिधियों की तो बात ही क्या करें, इस मामले में इनकी हालत कठपुतलियों से भी गई बीती है। कठपुलियां भी कभी कभी अपने कला कौशल से जीवंत होने का अहसास करवा देती हैं मगर उदयपुर के सभी प्रमुख दल, सभी प्रमुख नेता और जन प्रतिनिधि इस मामले में बोलने से ऐसे डरते हैं जैसे मानों उनको भी किसी रसूखदार ने अच्छी खासी मनचाहे मुराद देकर मुंह बंद करके बिठा रखा हो।

कई बार बात हो चुकी है हमारी खबरों में ताज अरावली के बाहर की सड़क की। एक बार फिर इसकी जानकारी देने से UDA का इनकार हो गया है ATP ने लिखा है कि होटल से सहमति लाने पर ही बताएंगे सड़क की चौड़ाई। UDA के जिम्मेदार अधिकारी किस तरह अजीबोगरीब कारनामे करते है , जानकर हैरत जरूर हो जायेगी। ये महारथी सोचते है उनके गुनाह कभी सामने नही आएंगे और आ भी गए तो बचने की गली निकाल लेंगे, उसका ताजा नमूना हम आपको बताने जा रहे है।

सड़क निर्माण महाघोटाला, उच्च स्तरीय जांच जरूरी उदयपुर की बहु चर्चित होटल ताज अरावली से, वही होटल ताज अरावली जो देवास परियोजना की कोडियात टनल के पास बनी हुई है और अमरजोक नदी किनारे पर है, हालांकि इस होटल के बाहर बनी सड़क ही विवादों की सबसे बड़ी जड़ है। ताज अरावली के बाहर सड़क किसने बनाई और कब बनी ये उदयपुर का कोई भी सरकारी विभाग कभी बताना नही चाहता, जल संसाधन विभाग कहता है कि न तो हमने सड़क बनाई है और न ही नदी पेटे में सड़क बनाने की NOC दी है, UDA का भी यही कहना कि सड़क हमने तो नही बनाई, तो फिर सड़क किसने बनाई ? रिकॉर्ड में नहीं है,,, अफसरों का वेतन रुकना चाहिए UDA के जिम्मेदार लगातार होटल ताज अरावली के एक्सटेंशन के लिए नक्शे स्वीकृत कर रहे है और हैरानी की बात ये है कि करोड़ों की इस होटल के बाहर बनी सड़क की चौड़ाई और आराजी नम्बर का UDA में कोई रिकॉर्ड ही नही है, न ही UDA द्वारा स्वीकृत किये गए किसी भी नक्शे में सड़क की चौड़ाई और आराजी नंबर बताए गए है। इसलिए हमने इस सड़क सम्बंधित जानकारी के लिए UDA में RTI लगाकर सूचना माँगी ताकि पता तो लगे कि सड़क नदी पेटे में कैसे बन गई :-

(1) उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम बुझड़ा में कोडियात टनल के पास ईशान क्लब् एंड होटल्स की होटल ताज अरावली के मानचित्र स्वीकृत किये गए है लेकिन किसी भी मानचित्र में सड़क की चौड़ाई दर्ज नही है, अतः उदयपुर विकास प्राधिकरण के रिकॉर्ड में किसी भी रूप में संधारित सड़क की मौजूदा चौड़ाई की सूचना प्रदान की जाए जो होटल ताज अरावली के बाहर बनी हई है।

(2) उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम बुझड़ा में कोडियात टनल के पास ईशान क्लब् एंड होटल्स की होटल ताज अरावली के मानचित्र स्वीकृत किये गए है लेकिन किसी भी मानचित्र में सड़क की चौड़ाई दर्ज नही है, अतः उदयपुर विकास प्राधिकरण की मौका रिपोर्ट में दर्ज सड़क की चौड़ाई की सूचना प्रदान की जाए

(3) होटल ताज अरावली के बाहर बनी सड़क के आराजी नम्बर की सूचना प्रदान की जाए

(4) होटल ताज अरावली के मानचित्र स्वीकृत करने से पूर्व मौका निरीक्षण करने वाले अधिकारियों के नाम व पदनाम की सूचना प्रदान की जाए

जिसका विधि विरुद्ध जवाब लगभग 40 दिन बाद UDA के लोक सूचना अधिकारी हेमन्द्र नागर की जगह सहायक लोक सूचना अधिकारी ने दिया, हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी ने प्रशासनिक सुधार विभाग के आदेश की पालना भी नही की और अपना नाम लिखने की जगह नाम को छुपाया। सहायक लोक सूचना अधिकारी के बारे में हमने अपने स्तर पर पता लगाया तो वे UDA के ATP सर्वेश्वर व्यास निकले जिन्होंने RTI के जवाब में लिखा कि सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 8 (1) (र) के आलोक में बिना सुने तृतीय पक्षकारों से संबंधित सूचना को अधिनियम की धारा 11 (1) के तहत दिया जाना विधि सम्मत नहीं है। अतः आप उक्त तृतीय पक्ष / व्यक्ति से संबंधित सूचना बाबत् उसकी सहमति प्राप्त कर भिजवायें ताकि बाद सहमति अविलम्ब सूचना दी जा सकें।

## फिरकी ले रहे हैं सर्वेश्वर व्यास, किसका है दबाव

UDA के ATP सर्वेश्वर व्यास की मंशा पर सवाल उठते है कि सड़क की चौड़ाई व सड़क के आराजी नम्बर को होटल की निजी जानकारी बताकर क्यों छिपा रहे है ? नक्शा स्वीकृत करने से पूर्व मौका देखने वाले अधिकारियों के नाम की जानकारी देने से क्यों घबरा रहे है ? सर्वेश्वर व्यास का कहना है कि होटल वालो से सहमति लाओ तब देंगे सड़क की जानकारी , कमाल का जवाब या यूं कहें की मजाक है, हद है मिलीभगत और भ्रष्टाचार की।

## होटल ताज अरावली के बाहर बनी सड़क का इतिहास

* कहानी की शुरूआत होती है वर्ष 2014 के अक्टुबर माह से जब ईशान क्लब एण्ड होटल्स प्रा. लि. (ताज अरावली रिसोर्ट) राजस्व ग्राम बुझड़ा, के खसरा संख्या 158/1, 159, 2311/160,161 की भूमि पर रिसोर्ट बनाने के लिये UIT में जो कि अब UDA है, में भु उपयोग परिवर्तन करने के लिए आवेदन करता है जिसके बाद तत्कालीन UIT सचिव राम निवास मेहता मार्च 2015 में उक्त जमीन तक पहुँच मार्ग नही होने के कारण फ़ाइल को रिजेक्ट कर देते है ,इसी दौरान वर्ष 2015 में तत्कालीन संभागीय आयुक्त भवानी सिंह देथा नदी के आराजी संख्या 106 में एक रास्ता जिसका क्षेत्रफल 0.0900 हैक्टेयर यानी की 900 वर्ग मीटर दर्ज करते है यह रास्ता 700 मीटर लंबा और करीब 1.28 मीटर चौड़ा होता है यानी कि 4.25 फीट की पगडंडी जिस पर से कार निकलना भी सम्भव नही होता

* वर्ष 2016 में ईशान क्लब एंड रिसोर्ट का प्रकरण फिर से तत्कालीन सचिव राम निवास मेहता के पास आता है जिसे वे 40 फीट का रास्ता नही होने के कारण नियमन करने से मना कर देते है

* फरवरी 2017 में ईशान क्लब् UIT से खसरा संख्या 191,198 ,199 आवंटित करने की मांग करता है जिस पर होटल के लिये 40 फीट चौड़ा रास्ता बनाया जा सके

* अप्रैल 2017 में रामनिवास मेहता तहसीलदार को पत्र लिखकर आराजी नम्बर व 106 की मौका रिपोर्ट माँगते है जिस पर तहसीलदार द्वारा जवाब दिया जाता है की जो रास्ता आराजी संख्या 106 में डोटेड लाइन द्वारा दिखाया गया है वो नदी का ही भाग है। * जुलाई 2017 में रामनिवास मेहता आराजी संख्या 106 ,108, 109 पीछोला झील भरने वाली अमरजोक नदी का हिस्सा होने के कारण ईशान ग्रुप का आवेदन फिर से निरस्त कर देते है।

* रामनिवास मेहता के जाते ही वर्ष 2018 में नदी पेटे में सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर होटल ग्रुप UIT से मिलीभगत कर वर्ष 2019 में होटल के लिये जमीन का 90 A करवा लेता है। यहाँ तक कि UIT और जल संसाधन विभाग के स्वामित्व की जमीन पर भी कब्जा करने से कोई गुरेज नही करता

## उदयपुर कलेक्टर की अपील- खुद ऑनलाइन भरें जनगणना फार्म, साइबर फ्रॉड से रहें सावधान, 1 मई से शुरू पहला चरण, मकानों की गणना; 15 मई तक स्व-गणना, बाद में होगा घर-घर सत्यापन




**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। जिले में जनगणना 2027 का प्रथम चरण 1 मई से शुरू हो रहा है, जिसके तहत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी। यह चरण प्रारंभिक रूप से स्व-गणना (Self Enumeration) के रूप में 15 मई तक ऑनलाइन संचालित होगा। इसके बाद प्रगणक घर-घर जाकर भरी गई सूचनाओं का सत्यापन करेंगे।

जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने प्रेसवार्ता में नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं जनगणना पोर्टल https://se.census.gov.in पर जाकर अपनी जानकारी भरें। उन्होंने कहा कि इससे प्रक्रिया अधिक तेज, सटीक और पारदर्शी बनेगी।

स्व-गणना की पूरी प्रक्रिया (स्टेप-बाय-स्टेप) कलेक्टर ने बताया कि स्व-गणना में करीब 15 से 20 मिनट का समय लगता है और इसे निम्न चरणों में पूरा किया जा सकता है—

पोर्टल पर प्रवेशः वेबसाइट पर जाकर राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का चयन और कैप्चा भरकर लॉगिन करें।

परिवार पंजीकरणः परिवार के मुखिया का नाम दर्ज करें (बाद में बदलाव संभव नहीं), एक मोबाइल नंबर अनिवार्य होगा, ईमेल वैकल्पिक है।

ओटीपी सत्यापनः मोबाइल पर आए OTP के माध्यम से सत्यापन कर आगे बढ़ें।

भाषा चयनः अपनी पसंदीदा भाषा चुनें, जिसे बाद में बदला नहीं जा सकेगा।

निवास विवरणः जिला, गांव/नगर, स्थानीय क्षेत्र, लैंडमार्क आदि जानकारी भरें।

मैप पर लोकेशनः डिजिटल मैप पर अपने घर का सटीक स्थान चिन्हित करें।

प्रश्नावली भरनाः मकान और परिवार से जुड़ी सभी जानकारी सावधानीपूर्वक भरें।

पूर्वावलोकनः सबमिट करने से पहले पूरी जानकारी जांच लें, ड्राफ्ट सेव भी कर सकते हैं।

अंतिम सबमिशनः "पुष्टि करें और सबमिट करें" पर क्लिक करने के बाद जानकारी लॉक हो जाएगी।

### मिलेगी यूनिक SE आईडी

सफलतापूर्वक फॉर्म जमा करने पर "H" से शुरू होने वाली 11 अंकों की एक यूनिक SE ID जनरेट होगी, जो SMS और ईमेल (यदि दिया हो) पर प्राप्त होगी। इसे सुरक्षित रखना आवश्यक है, क्योंकि प्रगणक के घर आने पर इसी ID के माध्यम से डेटा का सत्यापन किया जाएगा।

### साइबर फ्रॉड से रहें सतर्क

लेक्टर अग्रवाल ने नागरिकों को चेताया कि वे केवल आधिकारिक पोर्टल का ही उपयोग करें और किसी भी अनजान लिंक, कॉल या मैसेज के माध्यम से अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सतर्कता से ही साइबर ठगी से बचा जा सकता है। प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि सभी समय पर अपनी जानकारी दर्ज करें, ताकि जनगणना कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## डबोक पहुंचे सीएम, विधायक डांगी परिवार को दी सांत्वना



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। भजनलाल शर्मा गुरुवार को उदयपुर डबोक पहुंचे, जहां उन्होंने वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी के पिताजी स्वर्गीय मेघराज डांगी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री सीधे विधायक के आवास पहुंचे और दिवंगत मेघराज डांगी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने परिवारजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और कुछ समय तक उनके साथ रहकर संवेदना प्रकट की।

### 15 मिनट का प्रवास, फिर गुजरात रवाना

सीएम का काफिला शाम करीब 4:10 बजे डबोक पहुंचा। वे लगभग 15 मिनट तक वहां रुके और इसके बाद सीधे एयरपोर्ट पहुंचकर गुजरात के लिए रवाना हो गए। इस मौके पर क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इनमें डॉ. मन्नालाल रावत, श्रीचंद कृपलानी, ताराचंद जैन, फूल सिंह मीणा, चंद्रभान सिंह आक्या और पुष्कर डांगी सहित अन्य नेताओं ने भी स्वर्गीय मेघराज डांगी को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## युवक का अपहरण कर लूटपाट, मारपीट का मामला दर्ज

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में एक युवक के अपहरण, लूटपाट और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मनवा खेड़ा (थाना हिरणमगरी) निवासी 29 वर्षीय विष्णु पुत्र मीठाराम पटेल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 27 अप्रैल की रात करीब 11 बजे आरोपी चेरी पटेल व हिम्मत सिंह ने उसका अपहरण कर लिया। इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और उसके पास से नकदी व गहने लूट लिए। मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 140(3), 309(4), 126(2), 115(2) व 189(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक खुमाणसिंह कर रहे हैं।

## लव-कुश स्टेडियम के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी, सुबह खड़ी की थी

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र में वाहन चोरी की एक और वारदात सामने आई है। लव-कुश स्टेडियम के बाहर खड़ी कार अज्ञात मोटर साइकिल लेकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार बड़ा भोईवाड़ा निवासी 24 वर्षीय नरेन्द्र माली ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उन्होंने सुबह करीब 7 बजे लव कुश स्टेडियम के बाहर अपनी ब्लैक कलर की हीरो होण्डा मोटर साइकिल गाड़ी खड़ी की थी। कुछ समय बाद लौटने पर देखा तो गाड़ी वहां से गायब थी। आसपास तलाश करने पर भी वाहन का कोई पता नहीं चल सका। मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 303(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल हेमेन्द्र सिंह को जांच सौंपी गई है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है और वाहन चोरों की तलाश जारी है।

## खाली कागजों पर साइन करवाकर फर्जी इकरारनामा, जमीन पर किया कब्जा

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में जमीन सौदे के नाम पर धोखाधड़ी, जालसाजी और दबाव बनाने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपियों ने पहले विश्वास में लेकर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाए, फिर फर्जी तरीके से सौदा दिखाकर जमीन पर कब्जा कर लिया। पुलिस के अनुसार नला फला निवासी दुदा पुत्र पेमा भील ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि आरोपियों ने उसे और उसके परिवार को झांसे में लेकर खातेदारों से खाली कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए। बाद में डमी व्यक्ति के नाम से धोखाधड़ीपूर्वक विक्रय इकरारनामा तैयार कर लिया गया। इतना ही नहीं, तय सीमा अवधि में जमीन के बदले शेष भुगतान भी नहीं किया गया और उक्त भूमि पर मकान बना दिया। पीड़ित का आरोप है कि जब उन्होंने अपने पैसे और जमीन की बात उठाई तो उन्हें और उनके परिवार को डरा-धमकाकर चुप रहने का दबाव बनाया गया। मामले में दलित सिंह (निवासी माताजी की घाटी, देबारी), बाबूलाल मोटायत और भग्गाराम (निवासी नेतायल की भागल, भुताला) को आरोपी बनाया गया है। इस प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 316(2) व 318(4) सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई वृताधिकारी कोटड़ा की जांच रिपोर्ट एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के निर्देशों की पालना में की गई है। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक अमर सिंह को सौंपी गई है। पुलिस ने पूरे मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई जारी है।

## पर्चियां काट जुआं खिलाने पर मामला दर्ज

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में अवैध जुए के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार सहायक उपनिरीक्षक रणजीत सिंह की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए सामने आया कि आरोपी शादाब पुत्र इश्तियाक खान (उम्र 22 वर्ष), निवासी अम्बावगढ़ कच्ची बस्ती, बिना लाइसेंस जुए की पर्चियां काटकर लोगों को जुआ खिलाने का काम कर रहा था। मामले में राजस्थान सार्वजनिक जुआ अधिनियम (RPGO) की धारा 13 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। जांच हेड कांस्टेबल श्री नंदलाल को सौंपी गई है।

## पेड़ से गिरने से बुजुर्ग की मौत, खेत पर डालियां काटने चढ़े थे

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। जिले के गोगुन्दा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना 29 अप्रैल सुबह करीब 7 बजे नाल फला आमलीवाला गांव में हुई। पुलिस के अनुसार वक्ताराम पुत्र कनाराम गमेती ने रिपोर्ट दी कि उनके पिता कना (65) अपने खेत पर बकरियों के लिए चारा लेने गए थे। इस दौरान वे कालयासर के पेड़ पर डालियां काटने के लिए चढ़े, लेकिन पैर फिसलने से नीचे गिर गए। गिरने से उनके सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल गोगुन्दा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) 2023 की धारा 194 के तहत मर्ग दर्ज किया गया है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल चरणसिंह द्वारा की जा रही है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बिंदोली पर हमला, तलवार-पत्थरों से मारपीट, लूट के आरोप, 6 डिटेन

### डबोक थाना क्षेत्र के हरियाव गांव में वारदात, SC/ST एक्ट सहित कई धाराओं में केस



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। जिले के डबोक थाना क्षेत्र के हरियाव गांव में 29 अप्रैल की रात दलित समाज की बिंदोली पर हमले का मामला सामने आया है। प्रार्थी भैरुलाल मेघवाल (पुत्र ओंकार जी, निवासी हरियाव) ने रिपोर्ट में बताया कि उनकी पुत्री पूजा की बिंदोली रात करीब 10 बजे धीरा तलाई के मुख्य मार्ग से गुजर रही थी, तभी गांव के कुछ लोगों ने रास्ता रोककर जातिसूचक गालियां दीं और बिंदोली आगे नहीं बढ़ाने की धमकी दी। इसके बाद आरोपियों ने डीजे बंद करवाकर दुल्हन को घोड़ी से उतार दिया और बारातियों पर लट्ठ, सरियों व तलवार से हमला कर दिया। पथराव भी किया गया, जिससे महिलाओं और बच्चों सहित कई लोग घायल हो गए। रिपोर्ट के अनुसार हमले में तलवार से वार किए जाने की बात सामने आई है। घायल होने वालों में वरदीचंद, गणेश, जितेंद्र (जितु) मेघवाल, मंजू मेघवाल, लक्ष्मीबाई, हितेन मेघवाल, सुरेश मेवात सहित अन्य लोग शामिल हैं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मारपीट के दौरान महिलाओं के गले से सोने के मंगलसूत्र छीन लिए गए और लूटपाट भी की गई, जिससे इलाके में तनाव का माहौल बन गया।

मामले में नामजद आरोपियों में लक्ष्मण सिंह, माधु सिंह, किशन सिंह, उदय सिंह, अर्जुन सिंह, फतेह सिंह, विक्रम सिंह तथा मंजू कुंवर सहित अन्य शामिल बताए गए हैं। आरोप है कि जातिसूचक अपमान किया गया व बिंदोली रोकने की धमकी दी गई। डबोक थाने में इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। केस में भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धाराएं 189(2), 115(2), 126(2) के साथ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 (संशोधित 2015) की धाराएं 3(1)(ZA)(B), 3(1)(R), 3(1)(S) और 3(2)(VA) लगाई गई हैं। घटना का समय रात 10 बजे से 11:30 बजे के बीच बताया गया है, पुलिस को सूचना 30 अप्रैल को तड़के करीब 3:02 बजे मिली। थानाधिकारी गोपाल नाथ के नेतृत्व में मामले में 6 लोगों को डिटेन किया गया है और प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच अधिकारी आईपीएस प्रशिक्षु आशिमा वासवानी के निर्देशन में कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा आरोपियों की भूमिका, घटना के कारणों और लूटपाट के पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।

## अतिक्रमण पर कार्रवाई, सड़कों से हटाए ठेले, सवीना सब्जी मंडी सहित कई क्षेत्रों में चला निगम का अभियान



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। नगर निगम की अतिक्रमण निरोधी टीम ने गुरुवार को शहर में सड़कों को जाम मुक्त करने के लिए व्यापक कार्रवाई की। अभियान के तहत सवीना स्थित मुख्य सब्जी मंडी के बाहर अवैध रूप से सड़क घेरकर खड़े किए गए ठेलों को जब्त किया गया, जिससे वहां यातायात व्यवस्था में सुधार देखने को मिला। सवीना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही अतिक्रमण की शिकायतों को देखते हुए निगम प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए सार्वजनिक मार्ग को बाधित करने वाले सामान को मौके से हटवाया। कार्रवाई के दौरान कई अस्थायी ठेलों और कब्जों को हटाकर रास्ता पूरी तरह साफ कराया गया। इसके अलावा शहर के अन्य प्रमुख मार्गों और व्यस्त इलाकों में भी निगम की टीम सक्रिय रही। कई स्थानों पर 'पीला पंजा' चलाते हुए अवैध अतिक्रमण हटाए गए, जिससे आमजन को राहत मिली। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़कों पर आवागमन बाधित करने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। इस कार्रवाई के बाद अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है।

## डांडी ब्याज के जाल पर पुलिस का बड़ा प्रहार: सूदखोर गिरफ्तार, करोड़ों के हिसाब-किताब का खुलासा

**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर 30 अप्रैल। झालावाड़ जिले की थाना अकलेरा पुलिस ने अवैध सूदखोरी और डांडी ब्याज (ब्याज पर ब्याज) के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कुख्यात सूदखोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी गरीब और जरूरतमंद लोगों को कर्ज के जाल में फंसाकर ब्याज पर ब्याज वसूलता था और भुगतान में देरी होने पर धमकी, दबाव और गुर्गों के जरिए वसूली करता था। कार्रवाई में आरोपी के कब्जे से करोड़ों के लेन-देन का रिकॉर्ड और बड़ी मात्रा में दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि इस कार्रवाई की शुरुआत 28 अप्रैल को हुई, जब परिवादी घनश्याम शर्मा पुत्र अमर लाल निवासी आदर्श नगर अकलेरा ने थाना अकलेरा में लिखित रिपोर्ट देकर शिकायत दर्ज कराई। परिवादी ने बताया कि आरोपी ने उसे कर्ज देकर ब्याज के मकड़जाल में फंसा रखा था और लगातार रकम बढ़ाकर वसूली कर रहा था। विरोध करने पर धमकियां दी जा रही थीं और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एसपी अमित कुमार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा के निर्देशन तथा पुलिस उपाधीक्षक अकलेरा बृजेश कुमार जाट के सुपरविजन में थाना अकलेरा के थानाधिकारी धर्मराज के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सुगनचंद पुत्र जमनालाल मीणा (44) निवासी खुरी, हाल नई बस्ती अकलेरा को गिरफ्तार किया।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी पहले लोगों को कम रकम उधार देकर भरोसा जीतता था, फिर उसी रकम पर "डांडी ब्याज" जोड़कर रकम कई गुना बढ़ा देता था। समय पर भुगतान नहीं होने पर पेनल्टी लगाई जाती थी। वसूली के लिए आरोपी ने 10-12 लोगों का अपना नेटवर्क बना रखा था, जो लोगों के घर जाकर धमकी देते और दबाव बनाते थे।

बरामद रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी ने वर्ष 2023 में 1 करोड़ 46 लाख 57 हजार रुपये, वर्ष 2024 में 1 करोड़ 83 लाख 93 हजार 837 रुपये और वर्ष 2025 में 2 करोड़ 56 लाख 44 हजार 400 रुपये की अवैध ब्याज वसूली की। इस प्रकार तीन वर्षों में कुल 5 करोड़ 86 लाख 95 हजार 237 रुपये की वसूली का खुलासा हुआ है।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 178 स्टाम्प पेपर, 38 हस्ताक्षरयुक्त खाली स्टाम्प पेपर, 521 हस्ताक्षरित खाली चेक, 14 उधारी रजिस्टर, 143 छोटी डायरियां, 2916 हिसाब-किताब की पर्चियां और 26 जमीन-मकान सौदों के दस्तावेज बरामद किए हैं। ये दस्तावेज सूदखोरी के बड़े नेटवर्क और आर्थिक शोषण के ठोस प्रमाण माने जा रहे हैं।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी हत्या का प्रयास, मारपीट, धोखाधड़ी और गंभीर अपराधों के मामले दर्ज हैं। अब पुलिस उसके नेटवर्क, आर्थिक लेन-देन और अन्य पीड़ितों की पहचान में जुटी है।

इस कार्रवाई में थाना अकलेरा पुलिस टीम के थानाधिकारी धर्मराज, हेड कांस्टेबल गोपाल सिंह, लालाराम, जसकरण, मुकेश कुमार, प्रेमचंद, लखन, पवन कुमार, कैलाशराम, दलीप कुमार और प्रधान कांस्टेबल सहित अन्य पुलिसकर्मियों की विशेष भूमिका रही।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति अवैध सूदखोरी, डांडी ब्याज या आर्थिक शोषण का शिकार हो रहा है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवती की मौत, पिता गंभीर घायल; दोनों बच्चे सुरक्षित

**24 न्यूज अपडेट**

निम्बाहेड़ा (कविता पारख)। सदर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। निम्बाहेड़ा से मंगलवाड़ मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों बच्चे सुरक्षित बच गए। घायल का उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, असावरा निवासी दिलीप धोबी ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उनके पिता प्रहलाद धोबी बाइक से उनकी बहन पिंकी और दो भांजों भूपेन्द्र व परी के साथ मध्य प्रदेश की ओर से असावरा लौट रहे थे। इसी दौरान गांव धीनवा के पास पेट्रोल पंप के सामने एक अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि सभी लोग सड़क पर गिर गए। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में पिंकी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि प्रहलाद धोबी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय निम्बाहेड़ा में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। दोनों बच्चे सुरक्षित बताए जा रहे हैं।




## पासबुक के सहारे खाते से उड़ाए 1 लाख रुपए, महिला ठगी का शिकार



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। शहर के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की एक महिला ग्राहक के खाते से किसी अज्ञात महिला द्वारा 1 लाख रुपए निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता को घर बैठे ही बैंक से पैसे निकासी का मैसेज मिला, जिसके बाद वह तुरंत बैंक पहुंची और जानकारी ली। बैंक स्टाफ द्वारा सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर एक संदिग्ध महिला नजर आई, जो पासबुक लेकर बैंक पहुंची थी। बताया गया कि सिग्नेचर मैच नहीं होने पर कर्मचारी ने उसे तीन बार रिजेक्ट किया, लेकिन वह बार-बार वापस आई और खुद के पैसे होने का दावा करती रही। अंततः पर्ची लेकर उसे रकम दे दी गई। पीड़िता मंजू देवी के अनुसार, 27 मार्च और 2 अप्रैल को दो बार 50-50 हजार रुपए निकाले गए। पहली बार मैसेज नहीं मिला, जबकि दूसरी बार मैसेज आने पर ठगी का पता चला। उन्होंने बैंक स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत हाथीपोल थाना में दर्ज कराई गई है। जांच कर रहे हेड कांस्टेबल भंवर चौधरी ने बताया कि सीसीटीवी के आधार पर संदिग्ध महिला की पहचान की जा रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी के पास पीड़िता की पासबुक कैसे पहुंची। पुलिस ने जल्द खुलासा करने की बात कही है।

## कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघिन और 4 शावकों की मौत का खुलासा

**24 न्यूज अपडेट**

मंडला। यहां एक बाघिन और उसके चार शावकों की मौत की गुत्थी सुलझ गई है। प्रारंभिक जांच में इन मौतों के पीछे घातक केनाइन डिस्टेंपर वायरस (CDV) संक्रमण को कारण माना गया है। डिप्टी डायरेक्टर प्रकाश कुमार वर्मा ने बताया कि जबलपुर स्थित स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ में किए गए परीक्षणों में इस वायरस के संकेत मिले हैं। घटना सरही परिक्षेत्र की बाघिन T-141 और उसके परिवार से जुड़ी है। जानकारी के अनुसार 21 से 25 अप्रैल के बीच बाघिन के तीन शावकों की मौत हो गई थी। इसके बाद गंभीर रूप से बीमार बाघिन और एकमात्र बचे शावक को रेस्क्यू कर मुक्की क्वॉरेंटाइन सेंटर में रखा गया, लेकिन 29 अप्रैल को दोनों ने भी दम तोड़ दिया। इस तरह 9 दिनों के भीतर पूरा कुनबा खत्म हो गया। विशेषज्ञों के मुताबिक यह वायरस जंगली मांसाहारी जीवों के श्वसन, पाचन और तंत्रिका तंत्र पर हमला करता है। शुरुआती पोस्टमार्टम में शावकों के पेट खाली मिले और फेफड़ों में संक्रमण पाया गया, जो इस बीमारी के प्रमुख लक्षण हैं। जांच में सामने आया है कि यह वायरस आमतौर पर कुत्तों के जरिए जंगली जानवरों तक फैलता है और तेजी से संक्रमण फैलाता है। फिलहाल अंतिम पुष्टि के लिए विस्तृत परीक्षण जारी हैं और वन विभाग वायरस के प्रसार को रोकने के उपायों पर काम कर रहा है।




**समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें - desk24newsupdate@gmail.com**

# 1 से 15 मई तक प्रदेश में विशेष अभियानः अवैध शराब पर सख्ती, जीरो टॉलरेंस नीति लागू




24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। प्रदेशभर में अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए 1 से 15 मई 2026 तक विशेष निरोधात्मक अभियान चलाया जाएगा। नमित मेहता, आबकारी आयुक्त के निर्देशानुसार इस अभियान में अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। अभियान के तहत आबकारी निरोधक दलों को जीरो टॉलरेंस नीति के साथ मैदान में उतारा जाएगा। गश्त, नाकाबंदी, दबिश और संभावित मार्गों पर निगरानी बढ़ाते हुए पुलिस विभाग के साथ समन्वय कर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण किया जाएगा।

### अन्य राज्यों से आने वाली शराब पर कड़ी नजर

आबकारी आयुक्त के निर्देशानुसार दूसरे राज्यों से आने वाली अवैध शराब की तस्करी को रोकने के लिए टोल नाकों और सीमावर्ती मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। साथ ही आबकारी एक्ट में वांछित फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पड़ोसी राज्यों की पुलिस से भी समन्वय किया जाएगा। स्प्रिट टैंकरों पर भी खास नजर रखी जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उन पर विभागीय सील सही तरीके से लगी हो।

एमआरपी से ज्यादा वसूली और बिना होलोग्राम शराब पर कार्रवाई अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी लाइसेंसधारी दुकानों पर शराब निर्धारित एमआरपी पर ही बेची जाए। बिना होलोग्राम की शराब मिलने या अधिक कीमत वसूलने पर संबंधित अनुज्ञाधारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बिना लाइसेंस बिक्री पर भी शिकंजा होटल, बार, ढाबों और समारोह स्थलों पर बिना लाइसेंस शराब बिक्री की शिकायतों पर विशेष फोकस रहेगा। शिकायत सही पाए जाने पर तुरंत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### जब्त शराब का निस्तारण और रोजाना मॉनिटरिंग

अभियान के तहत जब्त शराब के निस्तारण, नष्टीकरण, मालखाना प्रबंधन और जब्त वाहनों की नीलामी भी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही पूरे अभियान की दैनिक मॉनिटरिंग कर जिलेवार समीक्षा की जाएगी।

# साले समेत 5 पर के खिलाफ मर्डर केस, जीजा का अंतिम संस्कार



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। जिले के ओगणा थाना क्षेत्र में जीजा की हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने साले समेत 5 आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया है। वहीं, चढ़ोतरा कर घर में तोड़फोड़ करने वाले 21 लोगों के खिलाफ अलग से मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना के बाद चोखला बारा गांव में पुलिस जाप्ता तैनात है। थानाधिकारी रामरूप मीणा ने बताया कि मृतक पिंटूलाल वडेरा का पोस्टमार्टम आज पूरा कर लिया गया है और अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शाम को पूरी की जा रही है। इससे पहले मृतका पारू का पोस्टमार्टम कर परिजनों को शव सौंपा जा चुका है और उसका कल दाह संस्कार हुआ। पुलिस के अनुसार, झाड़ोल डीएसपी विवेक सिंह के निर्देशन में मामले की जांच जारी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और गांव में स्थिति फिलहाल शांतिपूर्ण बनी हुई है।

### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार, विवाहिता पारू की 27 अप्रैल की रात इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसके बाद पीहर पक्ष ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया। मृतका का भाई करण अपने साथियों के साथ बहन के ससुराल पहुंचा और पति पिंटू पर शक जताते हुए घर में तोड़फोड़ की। अगले दिन सुबह करण अपने साथियों के साथ दोबारा हथियार लेकर गांव पहुंचा और अपने जीजा पिंटू का अपहरण कर उसे अम्बावी (उपरेटा) के जंगल में ले गया। पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपियों ने पत्थर से सिर कुचलकर पिंटू की हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# काली पहाड़ी के जंगल में भीषण आग, 8 बीघा क्षेत्र राख, रेलवे स्टेशन से 300 मीटर दूर तक पहुंचीं लपटें

24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। जिले के वल्लभनगर थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर काली पहाड़ी के जंगल में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। दोपहर करीब 2:30 बजे शुरू हुई आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और लगभग 8 बीघा क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। तेज गर्मी और चल रही गर्म हवाओं के कारण आग तेजी से फैलती गई, जिससे हजारों छोटे-बड़े पेड़-पौधे जलकर राख हो गए। आसमान में उठता काले धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई दिया, जिससे आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल बन गया। आग वल्लभनगर-मावली रोड तक पहुंच गई, जिससे यातायात भी प्रभावित रहा। रेलवे स्टेशन के करीब पहुंची आग स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब आग वल्लभनगर रेलवे स्टेशन की ओर बढ़ने लगी। एक समय आग की लपटें स्टेशन से महज 300 मीटर दूर रह गईं, जिससे यात्रियों और स्टेशन स्टाफ में अफरा-तफरी मच गई। समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने संभाला मोर्चा आग की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और प्रशासन के पहुंचने से पहले ही आग बुझाने में जुट गए। बाल्टियों से पानी डालकर और गीली झाड़ियों से आग दबाने का प्रयास किया गया। सूचना पर वल्लभनगर पुलिस भी मौके पर पहुंची और भीड़ नियंत्रण के साथ राहत कार्य में सहयोग किया। दो दमकलों से काबू, जांच जारी करीब शाम 6:20 बजे दो दमकल वाहनों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में जंगल को भारी नुकसान हुआ है और हजारों पौधे जलकर नष्ट हो गए। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है—प्रारंभिक आशंका मानवीय लापरवाही या सूखी झाड़ियों में घर्षण की जताई जा रही है।

# जन्म प्रमाण पत्र में नाम सुधार के नियमों में बदलाव, अब गजट नोटिफिकेशन होगा अनिवार्य

24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर, 30 अप्रैल। राजस्थान सरकार के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग ने जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम (संशोधित 2023) और राज्य नियम (संशोधित 2025) के तहत पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जन्म प्रमाण पत्र में नाम, मध्य नाम और सरनेम परिवर्तन को लेकर नए और कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) पुनीत शर्मा ने बताया कि अब प्रमाण पत्र में किसी भी प्रकार के बड़े बदलाव के लिए श्गजट नोटिफिकेशनश् (राजपत्र में प्रकाशन) को अनिवार्य कर दिया गया है। विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार, यदि कोई अभिभावक पूर्व में जारी जन्म प्रमाण पत्र में बच्चे के प्रथम नाम में बदलाव के लिए, मध्य नाम जोड़ने या बदलवाने के लिए, मूल नाम के साथ माता या पिता का नाम जुड़वाने के लिए अथवा पहले से दर्ज सरनेम को बदलने के लिए आवेदन करता है तो राजस्थान के निवासियों के लिए राजस्थान सरकार के राजपत्र (गजट नोटिफिकेशन) में नाम परिवर्तन का प्रकाशन आवश्यक है। अन्य राज्यों के निवासियों के लिए भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित गजट नोटिफिकेशन के आधार पर ही परिवर्तन स्वीकार किए जाएंगे। सरनेम जोड़ने के लिए मिली बड़ी राहत विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र में केवल मूल नाम ही अंकित है और उसमें सरनेम नहीं है, तो उसके लिए प्रक्रिया आसान रखी गई है। ऐसी स्थिति में माता-पिता को अपने सरनेम से संबंधित दस्तावेजी साक्ष्य के साथ एक साधारण शपथ पत्र देना होगा। इसके आधार पर बिना किसी भारी औपचारिकता के बच्चे के नाम के आगे माता-पिता का सरनेम जोड़ा जा सकेगा।

# उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजना के आवेदन की तिथि 31 मई तक बढ़ाई

24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर, 30 अप्रैल। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत शिक्षण संस्थाओं के लिये पोर्टल पुनः शुरू कर दिया गया है। इससे पूर्व उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजना से संबंधित शिक्षण संस्थाओं के लिये छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीयन/नवीनीकरण, कोर्स मैपिंग, मान्यता पाठ्यक्रमवार फीस स्ट्रक्चर आदि सूचनाएं अपडेट करने के लिये पोर्टल पर व्यवस्था शुरू कर दी गई थी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर ने बताया कि समस्त शिक्षण संस्थाओं से संबंधित सूचनायें एवं दस्तावेजों की निर्धारित स्थान एवं निर्देशानुसार पूर्ति करना सुनिश्चित करें। सूचना सबमिट करने से पूर्व विशेष रूप से जाँच लें कि सभी सूचना पूर्ण एवं सही भरी जावें। आवष्यक दस्तावेज एवं फीस की सूचना भी सही रूप में दर्ज करें ताकि बाद में कठिनाई नहीं आवें। उक्त सूचना अद्यतन का कार्य 31 मई 2026 तक किया जा सकेगा। संयुक्त निदेशक श्री भटनागर ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की स्कॉलरशिप योजना में छात्रों द्वारा आवेदन की तिथि भी 31 मई 2026 तक बढ़ा दी है। इसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विशेष समूह योजना (पूर्व में विशेष पिछड़ा वर्ग), अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, विमुक्त सहित अन्य छात्रवृति योजनाओं में आवेदन कर सकेंगे। अब विद्यार्थी 31 मई 2026 तक एसएसओ पोर्टल पर ऑनलाइन छात्रवृति आवेदन कर सकेंगे। साथ ही संस्था द्वारा भी अपनी सूचनायें पोर्टल पर 31 मई 2026 तक अद्यतन की जा सकेगी।

# तेज रफ्तार कार ट्रक से भिड़ी, दो युवक घायल



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। जिले के गोगुंदा थाना क्षेत्र में गोगुंदा-पिंडवाड़ा नेशनल हाईवे पर गुरुवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराई। हादसे में कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेमटाल निवासी कैलाश नगारची कार चला रहा था, जो हादसे के बाद वाहन में बुरी तरह फंस गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। वहीं कार में सवार सुनील बाण भी घायल हो गया। घायलों को तत्काल गोगुंदा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने कैलाश की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे एमबी अस्पताल रेफर कर दिया। सुनील का उपचार गोगुंदा अस्पताल में जारी है। हादसा खाखड़ी गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास हुआ। बताया जा रहा है कि दोनों युवक सेमटाल से उदयपुर जा रहे थे, लेकिन रास्ता भटककर खाखड़ी की ओर निकल गए। तेज रफ्तार के कारण कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में जाकर ट्रक से भिड़ गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का बोनट और ड्राइवर साइड पूरी तरह पिचक गया। सूचना मिलने पर गोगुंदा थानाधिकारी श्यामसिंह चारण मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाने के साथ क्षतिग्रस्त वाहन को हाईवे से हटवाया।

# वन्यजीव गणना 1 से, 24 घंटे बंद रहेंगे सज्जनगढ़, मानसून पैलेस, जयसमंद, फुलवारी नाल आदि अभयारण्य

24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। लेक सिटी और आसपास के वन क्षेत्रों में शुक्रवार से वन्यजीव गणना का अहम अभियान शुरू होगा। वर्ष 2026 की इस गणना के चलते जिले के प्रमुख अभयारण्य 24 घंटे के लिए पर्यटकों के लिए बंद रहेंगे।

### वाटर होल पद्धति से होगी गणना

उप वन संरक्षक (वन्यजीव) यादवेंद्र सिंह चुण्डावत ने बताया कि इस बार गणना "वाटर होल पद्धति" से की जाएगी। यह प्रक्रिया 1 मई 2026 को शाम 5 बजे शुरू होकर 2 मई को शाम 5 बजे तक लगातार चलेगी। वैशाख पूर्णिमा की रात अधिक चांदनी होने से जल स्रोतों पर आने वाले वन्यजीवों को आसानी से देखा और सटीक रूप से गिना जा सकेगा।

### इन क्षेत्रों में रहेगा प्रवेश प्रतिबंधित

गणना के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए कई प्रमुख वन्यजीव क्षेत्रों में पर्यटकों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा। इनमें शामिल हैं— सज्जनगढ़ वन्यजीव अभयारण्य, मानसून पैलेस सज्जनगढ़, जयसमंद वन्यजीव अभयारण्य

फुलवारी की नाल, कोटड़ा वन्यजीव क्षेत्र, बाघदर्रा कंजर्वेशन रिजर्व,

यह प्रतिबंध शुक्रवार शाम 5 बजे से शनिवार शाम 5 बजे तक लागू रहेगा।

### जैविक उद्यान रहेगा खुला

हालांकि सज्जनगढ़ जैविक उद्यान अपने तय समयानुसार खुला रहेगा, जहां पर्यटक वन्यजीवों को देख सकेंगे।

# सरकारी बैठकों और कार्यक्रमों में अब होगा श्री अन्न का नाश्ता

24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर, 30 अप्रैल। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप प्रदेश में मोटे अनाज यानी श्री अन्न (मिलेट्स) के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसके उपयोग को प्रोत्साहित करने को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में उदयपुर जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। प्रशासन ने अब जिले के सभी राजकीय कार्यालयों में आयोजित होने वाली बैठकों और समारोहों में मिलेट्स से बने उत्पादों के उपयोग को प्राथमिकता देने के निर्देश जारी किए हैं।

अतिरिक्त जिला कलक्टर (नगर) जितेन्द्र ओझा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, उदयपुर सहकारी उपभोक्ता थोक भंडार लिमिटेड द्वारा विक्रय किए जा रहे मिलेट्स उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए यह कदम उठाया गया है। अब सरकारी विभागों की आधिकारिक बैठकों और कार्यक्रमों में बिस्किट, दलिया और अन्य पारंपरिक व्यंजनों के रूप में मिलेट्स को मुख्य रूप से शामिल किया जाएगा, ताकि अधिकारियों और आमजन में इसके स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूकता बढ़े।

### कार्यालयों में होगी ब्रांडिंग, लगेंगे पोस्टर और बैनर

मिलेट्स को सुपर फूड के रूप में स्थापित करने के लिए जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों के परिसरों में विशेष पोस्टर और बैनर लगाए जाएंगे। इन पोस्टरों के माध्यम से आमजन को बताया जाएगा कि मिलेट्स न केवल ग्लूटेन-मुक्त हैं, बल्कि आयरन, कैल्शियम और फाइबर से भी भरपूर हैं। उदयपुर सहकारी उपभोक्ता थोक भंडार के महाप्रबन्धक डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि मिलेट्स केंद्रों पर अब राजीविका की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, कंगनी, सावा और कुटकी जैसे उत्पादों के साथ-साथ इनके रोस्टेड स्नैक्स और बिस्किट भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस व्यवस्था से न केवल स्थानीय किसानों और महिला समूहों को आर्थिक मजबूती मिलेगी, बल्कि आम जनता को भी बेहतर पोषण की ओर प्रेरित किया जा सकेगा।

# आजमगढ़ में प्रो. अमेरिका सिंह का भव्य स्वागत, रोजगार और पर्यटन पर मंथन



24 न्यूज़ अपडेट

आजमगढ़। जनपद में आगमन पर प्रोफेसर अमेरिका सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यशवंत सिंह (छठिया चीनी मिल अध्यक्ष) ने भगवान श्रीराम की प्रतिमा और अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में फिल्म जगत से जुड़े संजय सिंह, सोनू सिंह तथा सामाजिक कार्यकर्ता राकेश कुमार सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में आजमगढ़ के समग्र विकास को लेकर कई अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

### रोजगारपरक शिक्षा पर जोर

प्रोफेसर अमेरिका सिंह ने युवाओं के लिए रोजगारपरक प्रशिक्षण को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने बताया कि आजमगढ़ में पर्यटन और फिल्म उद्योग की व्यापक संभावनाएं हैं, जिनके अनुरूप युवाओं को कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने कॉलेज स्तर पर टूरिज्म मैनेजमेंट, फिल्म प्रोडक्शन, डिजिटल कंटेंट क्रिएशन और एग्री-बिजनेस जैसे डिप्लोमा कोर्स शुरू करने का सुझाव दिया, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ सकें।

### चीनी मिल की तकनीक पर चर्चा

यशवंत सिंह ने छठिया चीनी मिल की कार्यप्रणाली, उत्पादन क्षमता और आधुनिक तकनीकों की जानकारी साझा की। प्रोफेसर सिंह ने इन तकनीकों की सराहना करते हुए कहा कि शुगरकेन, पल्प-पेपर और क्रोम इंडस्ट्री में नई तकनीकों के उपयोग से उत्पादन बढ़ेगा और पर्यावरणीय प्रभाव भी कम होगा, जिससे ग्रीन जॉब्स के अवसर पैदा होंगे।

### स्किल डेवलपमेंट सेंटर की पहल

यशवंत सिंह ने आश्वासन दिया कि चीनी मिल परिसर में युवाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करने पर विचार किया जाएगा। यहां कृषि आधारित उद्योगों और तकनीकी क्षेत्रों में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सकेगा।

### विकास का संकल्प

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने आजमगढ़ को शिक्षा, रोजगार और पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।